प्राथमिकता

संख्या-26/2016/2226/26-2-2016-100(01)/2013 टी0सी0 I

प्रेषक,

मनोज सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

समाज कल्याण अनुभाग-2 लखनऊ दिनांकः 09 सितम्बर, 2016

विषयः- समाजवादी पेंशन योजना के अन्तर्गत नये पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किये जाने के संबंध में

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के ऐसे गरीब परिवार, जिनके पास आय के उपयुक्त साधन उपलब्ध नहीं है, के जीवन-यापन आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन हेतु आर्थिक सहायता दिये जाने के उददेश्य से वर्ष 2014-15 से समाजवादी पेंशन योजना प्रचलित है। इस योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थी, जो अभी भी वंचित रह गये है, उन्हें लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने के उदेदश्य से योजनान्तर्गत पात्रता से सम्बन्धित शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये मानक/दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत चिन्हांकन की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

मनोज सिंह
प्रमुख सचिव।

पृ0संख्या-26/2016/2226 (1)/26-2-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया जनपदों से प्राप्त सूचना संकलित करते हुये शासन को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

आई0पी0 पाण्डेय
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in